an>

Title: Need to provide pucca bathing Ghats and roads, public utilities and expert divers at Ganga Ghat, Sankara in Aligarh Parliametary Constituency.

श्री सतीश कुमार गौतम (अलीगढ़) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में सांकरा में स्थित गंगा स्नान घाट को पक्का स्नान घाट बनाने की तुरन्त आवश्यकता है। कच्चा घाट होने की वजह से लोग फिसल कर बह जाते हैं। वर्षा के समय बाढ़ आने से क्षेत्रीय लोग पलायन करने को मजबूर हैं। स्नान घाट में सुलभ शौचालय, गोताखोरों का अभाव एवं स्नानघाट तक पहुंचने के लिए पक्का मार्ग न होने जैसी समस्याओं से ग्रसित है।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) के सांकरा में गंगा नदी पर पक्का स्नान घाट, सुलभ शौचालयों, पक्का मार्ग बनवाने तथा गोताखोरों की आवश्यकता व सौन्दर्यीकरण के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें।